PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Monday 10th February 2014, Page: 16
Width: 8.76 cms, Height: 7.01 cms, a4, Ref: pmin.2014-02-10.24.48

जेनरिक दवाओं की जानकारी दे रहे एप

नई दिल्ली। जेनरिक दवाओं को सर्च करने वाला स्मार्टफोन एप्लीकेशन 'हेल्थकार्ट प्लस' लोगों को पसंद आ रहा है। पिछले दो हफ्ते में दो लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने इसे डाउनलोड किया है।

एंड्रायड और आईओएस प्लेटफार्म पर मौजूद 'हेल्थकार्ट प्लस' सस्ती जेनेरिक दवाओं की खोज में मदद करता है। गूगल प्ले स्टोर पर यह पिछले महीने सबसे ज्यादा डाउलोड किए जाने वाले तीन एप्स में शामिल था।

'हेल्थकार्ट प्लस' के सह-संस्थापक प्रशांत टंडन के मुताबिक यह एप पिछले साल अप्रैल में ही लांच हो गया था। अब तक कुल तीन लाख उपभोक्ता इसे डाउनलोड कर चुके हैं। पिछले महीने लगभग 50 लाख लोगों ने इसके पेज को सर्च किया। (एजेंसी)